मॉड्यूल 4 वीडियो कक्षा 4 - लुइस फेलिप लोपेज-कैलवा के साथ साक्षात्कार

नमस्ते। हमारे पाठ्यक्रम 'महामारी में पत्राकारिताः कोविड-19 को वर्तमान और भविष्य में कवर करना' के हमारे अंतिम वीडियो सेगमेंट में आपका एक बार फिर से स्वागत है। अब हम यहां से दुनिया के बारे में बात कर रहे हैं। और इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यहां से कोविड-19 के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव कैसे दिखते हैं। इसका पता लगाने के लिए, हम अभी लुईस फेलिप लोपेज-कालवा से बात करने जा रहे हैं। वे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के क्षेत्रीय निदेशक और सहायक संयुक्त राष्ट्र महासचिव हैं। निदेशक लोपेज-कालवा, इस पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

निमंत्रण के लिए आपका धन्यवाद।

तो सबसे पहली बात मैं पूछना चाहती हूं कि क्या आप हमें बता सकते हैं कि कोविड-19 के मुख्य सामाजिक-आर्थिक प्रभाव क्या हैं जो इस वक्त तक माने या दर्ज किए गए हैं?

मुझे लगता है, यह विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग हैं। मैं पहली बात यह कहूंगा कि जैसा कि आप जानती हैं, महामारी का नियंत्रण - इसकी अनिश्चितता, इसकी व्यापकता, और जहां संक्रमण के कारण प्रमुख जोखिम स्थल हैं - कई मामलों में पूर्ण लॉकडाउन करना पड़ा है। निश्चित रूप से लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में, यूरोप में, कई मामलों में, लॉकडाउन के लिए बहुत सख्त उपाय किए गए हैं, जिसके बारे में नोबेल पुरस्कार अर्थशास्त्री पॉल क्रुगमैन ने कहा, 'यह कोमा में पड़ी किसी अर्थव्यवस्था में सुधार करने जैसा है।' एक तरह से, आप मूल रूप से सब कुछ बंद कर रहे हैं, ताकि लोग घर पर रह सकें और आप देख सकते हैं कि उनकी जोखिम वाली जगह कहां हैं और महामारी को नियंत्रित करने का प्रयास करें।

इसलिए स्वास्थ्य आपातकाल मूल रूप से सबसे महत्वपूर्ण घटक बन जाता है, और फिर आप मूल रूप से अर्थव्यवस्था को रोक देते हैं। तो यह कैसे लोगों को प्रभावित करता है, जैसा कि आप पूछ रही हैं? निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था सिकुड़ने लगती है... लेकिन कई मामलों में, क्या होता है पूरा व्यय सिकुड़ जाता है, इसलिए व्यवसायों में नकदी की समस्या होने लगती है। वे वेतन नहीं दे सकते। आखिरकार, उन्हें लोगों को निकालना पड़ता है। इसलिए हमारा मतलब है पूरा आर्थिक ताना-बाना, या आर्थिक ढांचा जड़वत हो जाता है।

लोग नौकरी खोने लगते हैं, मजदूरी मिलनी बंद हो जाती है। इनमें से कुछ के पास हालात से निपटने के लिए बचत हो सकती है, लेकिन कुछ के पास नहीं भी हो सकती है। इसलिए आबादी का काफी बड़ा हिस्सा जो इन विषम परिस्थितियों को झेलता है, वह निश्चित रूप से मुख्यतः मध्यम-आय और निम्न-आय वाले देश हैं जहां, उदाहरण के लिए, हमारे पास बेरोजगारी बीमा है या हमारे पास इन लोगों की सुरक्षा के लिए बहुत सीमित तंत्रा हैं। सरकारें कदम उठाती हैं, लेकिन इन कदमों के बावजूद, हम आय अंतरित करने का प्रयास करते हैं। इसलिए लोगों पर पड़ने वाला इसका सबसे पहला प्रभाव मुख्य रूप से पैसे की कमी होता है।

यदि आप लैटिन अमेरिका में राष्ट्रीय गरीबी रेखा को देखें, तो 15 साल तक गरीबी में कमी के बाद 30 मिलियन लोगों के फिर से गरीब होने की भविष्यवाणी की गई है। यदि आप बहुत ही निचले स्तरों पर देखें, जैसे कि विश्व बैंक जिसे 'अत्यधिक गरीबी' कहता है, वह प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 1.9 डॉलर है, जो बहुत ही निचले स्तर की मोनोटाइप गरीबी है। उप-सहारा अफ्रीका में लगभग 24 मिलियन लोग अत्यधिक गरीब हो जाएंगे। इसलिए मैं कहूंगा कि यह महामारी के पहले दौर का प्रभाव है।

अब आप शिक्षा पर एक नजर डालें। शिक्षा प्रणालियां भी बंद हैं। कई मामलों में, आप ऑनलाइन तकनीक से शिक्षा हासिल कर सकते हैं जो हम कर रहे हैं। लेकिन, कई देशों में, आबादी के समूहों को यह तकनीक उपलब्ध नहीं है। तो यह एक दूसरे तरह का प्रभाव है, जो व्यक्तिगत रूप से बच्चों और युवाओं को उनकी स्कूली शिक्षा को जारी रखने की क्षमता पर व्यापक प्रभाव डाल रहा है। बेशक इसे फिर से हासिल किया जा सकता है लेकिन इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। लेकिन कई लोगों ने भविष्यवाणी की है कि यह ड्रॉपआउट की ओर ले जाएगा। लोग, यानी बच्चे और युवा हतोत्साहित हो जाएंगे और वे पढ़ना छोड़ देंगे। इसलिए हम अभी भी ठीक से नहीं जानते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि दूसरा बड़ा प्रभाव समाज के लिए शिक्षा, मानव पूंजी पर पड़ने वाला है।

अंत में, निश्चित रूप से, यदि हम दिवालियापन और फर्मों पर ध्यान देना शुरू करें, जिनमें अपने ऋणों आदि को चुकाने की क्षमता नहीं है, तो हम वित्तीय क्षेत्र में भी संभावित रूप से इसका व्यापक असर देखने जा रहे हैं।

हमारे पास संभवतः तीन अन्य पहलू भी हैं, ये तीनों बहुत महत्वपूर्ण पहलू हैं जिनमें महामारी वास्तव में अर्थव्यवस्थाओं और व्यक्तियों पर बहुत कठोरता से मार कर रही है।

मैं आपके द्वारा यह सब विस्तार से बताने के लिए आपकी सराहना करती हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जैसा कि आप इन प्रभावों को देखते हैं, जिनके बारे में आपने अभी बताया, क्या आप उन्हें देख रहे हैं, कोई भी एक विशेष प्रभाव, कम या ज्यादा, जो दुनिया के किसी क्षेत्र पर मंडरा रहा है? क्या ऐसे स्थान हैं जहां संभवतः छोटे व्यवसाय पूंजी बनाम व्यापार के प्रवाह के कारण बंद पड़ गए हैं?

विश्व बैंक की भविष्यवाणी के अनुसार, गरीबी बढ़ने की यदि बात करें तो, निश्चित रूप से अफ्रीका पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। मैं कहूंगा कि यदि आर्थिक प्रभावों के संदर्भ में देखें तो यूरोप प्रभावित है, लेकिन उस पर गरीबी का इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि उनके पास बेरोजगारी बीमा जैसे उपायों से लोगों की रक्षा करने के लिए तंत्र हैं, लेकिन मैं यह बात मध्यम-आय वाले देशों के बारे में कहना चाहूंगा। वह क्षेत्र जहां मैं लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में काम करता हूं, मुख्य रूप से उन क्षेत्रों को हम मध्यम-आय वाले देश कहते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र भी है जो मध्यवर्गीय समाजों को मजबूत नहीं कर पाया है। इसलिए, हमें मध्यम आय वाले देश और मजबूत मध्यम वर्ग के बीच समानता नहीं करनी चाहिए। मध्यम-आय वाले देश यानी जहां घनी आबादी वाले क्षेत्र कमजोर हैं। ये क्षेत्र औपचारिकता से बंधे हैं, क्योंकि यहां बहुत से लोग हैं जो रोजाना बाहर जाते हैं और कमाकर लाते हैं। इसके अलावा, मध्यम आय वाले देश रियायती वित्तपोषण के लिए पात्रा नहीं हैं। एक तरह से सभी बैंकों, उदाहरण के लिए, आईबीएफ और विश्व बैंक की प्रतिक्रिया उन देशों को ऋण राहत प्रदान करने की होती है जो मुख्य रूप से निम्न आय वाले देश और अल्प-विकसित देश हैं, लेकिन उनमें मध्यम आय वाले देश शामिल नहीं होते। इसलिए मध्यम-आय वाले देश इन सभी प्रभावों से जूझ रहे हैं, जैसा मैंने पहले उल्लेख किया था, लोगों को सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं, लोगों को नकदी हस्तांतरित कर रहे हैं, फर्मों को ऋण देकर बचा रहे हैं, नकदी प्रदान कर रहे हैं। ये सभी पहलू वित्त पोषण की उपलब्ध्ता के मामले में बिना किसी राहत के वित्त पोषण पर प्रभाव डाल रहे हैं। इसलिए हम मध्यम आय वर्ग के देशों के इस बड़े समूह के लिए बहुत गंभीर वित्तीय स्थिति का अनुमान लगा रहे है क्योंकि वे निश्चित रूप से वित्तीय स्थिति के कारण अपनी क्षमता से बाहर हो जाएंगे।

इसलिए मेरा तर्क है कि व्यापक स्थिति के संदर्भ में, मध्यम-आय वाले देश बुरी तरह से प्रभावित होंगे, खासकर यदि यह संकट लंबे समय तक रहता है। और बहुत ही कम समय में, मैं कहूंगा कि बड़े स्तर पर अनौपचारिकता वाले क्षेत्रों और सन-सहारा अफ्रीका में प्रतिक्रिया करने की क्षमता वाले लोगों के गरीबी स्तर पर प्रभाव पड़ रहा है।

मेरे लिए वास्तव में यह बड़ा दिलचस्प है कि आप उस सीमा के बारे में क्या कहेंगे जहां कोई राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से अनौपचारिक कमाई करने वालों से बनती है, और वे उस देश की कितनी जीडीपी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसका मतलब यह है कि यदि लोग अनौपचारिक रूप से कमाने वाले हैं, तो वे किसी भी तरह की राष्ट्रीय प्रणाली के साथ पंजीकृत नहीं हैं, जो उनके लिए एक-बारगी सुरक्षा चक्र बनाने का प्रयास कर सकती हैं। क्या इसमें और भी जटिलताएँ हैं? इसलिए मुझे नहीं पता कि आपको बताया गया है, लेकिन हमारे पास इस पाठ्यक्रम में 160 से अधिक देशों के छात्र हैं, मुझे लगता है इस समय लगभग 10,000 छात्र हैं, और उनमें से कई निश्चित रूप से उन देशों से आ रहे हैं जहां अनौपचारिक आय होती है, अनौपचारिक आय संरचनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं।

दूसरे, मुझे लगता है कि इस संकट के प्रभाव से बहुत मजबूती से जुड़े रहने वाले ढांचागत पहलुओं में से एक अनौपचारिक क्षेत्र का बड़ा आकार होना है। इसका क्या मतलब है? इसका मतलब है कि लैटिन अमेरिका में होने के कारण, यह सबसे निचले स्तर में उत्पन्न होता है, उदाहरण के लिए उरुग्वे, अनौपचारिक रूप से यह स्तर 25 से 30 प्रतिशत के बीच होगा। लेकिन तब आप औपचारिक रूप से 60 या 70 प्रतिशत श्रम का लाभ उठाते हैं। इसका मतलब है कि वे बहुत छोटी फर्मों में बहुत कम उत्पादकता स्तर के साथ काम करते हैं जो पंजीकृत नहीं हैं, जैसा कि आपका कहना है। इसका मतलब है कि इन लोगों, इन फर्मों में काम करने वालों के पास बुनियादी स्वास्थ्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और इन सभी घटकों तक पहुंच नहीं है। यह पहली बात है।

दूसरी। ये फर्म ज्यादातर मामलों में योगदान नहीं दे रही हैं क्योंकि वे राज्य की वित्तीय क्षमता में पंजीकृत नहीं हैं। इसलिए यह वित्तीय दृष्टिकोण से भी बहुत कमजोर स्थिति बनाता है, इसलिए इस पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता भी कम है। लेकिन इसमें स्व-नियोजित लोग भी शामिल हैं, जैसे फ्रीलांस, यानी स्वतंत्र लोग। ऐसे लोग जो प्लंबर, निर्माण मजदूर हैं। उसी तरह से पेशेवर लोग शामिल हैं जिनका स्व-रोजगार है। और कई मामलों में, वे पंजीकृत भी नहीं हैं। जब तक उनके पास बचत न हो, तब तक

वे इससे बचने के लिए इन प्रणालियों का उपयोग नहीं कर सकते, यह विशेष रूप से निम्न स्तर के लोगों के लिए वास्तव में सहज स्थिति नहीं है।

इसलिए अनौपचारिकता का स्तर बहुत महत्वपूर्ण हो। लेकिन अनौपचारिकता के उस संदर्भ में, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि महिलाओं को अधिक महत्व दिया जाता है। मूल रूप से सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा प्रदान की जाने वाली देखभाल सुविधओं की कमी के कारण और देखभाल क्षेत्र का समर्थन करने वाली प्रणाली की कमी के कारण, कई महिलाओं के पास पूर्णकालिक काम करने या अपनी फर्मों को बढ़ाने और काम करने की छूट नहीं है। इसलिए इस अनौपचारिकता में महिलाओ को विशेष रूप से बेहद अस्थिर नौकरियो में अधिक महत्व दिया जाता है। उस अर्थ में, महिलाएं इस संकट के आर्थिक प्रभाव के संदर्भ में अत्यधिक संवेदनशील समूह बन जाती हैं।

मैं स्त्रियों के संबंध में इस विश्लेषण के लिए आपकी सराहना करती हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। यह हमारे लिए ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि जब हम अगले कुछ वर्षों के भविष्य को देखते हैं तो इसका बोझ हम पर असमान रूप से पड़ता है, न केवल राष्ट्रों और कमाने वालों पर, बल्कि परिवारों के भीतर और समाजों पर भी। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या इस बिंदु पर आप जोखिमों को संतुलन बनाने के बारे में कुछ भी बता सकते हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्थाओं के धीमा पड़ने से आर्थिक तबाही होना तय है, और फिर भी बीमारी को फैलने से रोकने के लिए यह जरूरी है? अर्थव्यवस्थाओं को फिर से खोलने के बारे में कोई किस तरह से सोच सकता है और धन के प्रवाह को बनाए रखने की आवश्यकता के खिलाफ जोखिम में संतुलन कैसे बनाया जा सकता है?

सार्वजनिक क्षेत्र में जीवन और आजीविका के बीच व्यापार को लेकर बहुत चर्चा है। इसलिए यह विचार कि या तो जीवन को बचाया जाए या आप आजीविका को बचाएं, और मुझे लगता है कि उस व्यापार की सीमा वास्तव में इन चीजों को प्रदान करने के लिए अर्थव्यवस्था और समाज की क्षमता पर निर्भर करती है। एक बात बड़े पैमाने पर परीक्षण करना है। यह बहुत महत्वपूर्ण है, हम जानते हैं कि सावधनीपूर्वक हॉटस्पॉट की पहचान कैसे करें और पूरी अर्थव्यवस्था को बंद न करें। यदि आप वास्तव में व्यवस्थित तरीके से परीक्षण कर सकते हैं, तो आप इसे बंद करने के बारे में अधिक रणनीतिक हो सकते हैं। और निश्चित रूप से, इसका संबंध स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता से भी है। यदि स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता के संदर्भ में कोई समस्या नहीं है, तो हम इस महामारी से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे।

दूसरा घटक सरकारों की वित्तीय क्षमता है, जैसा कि मैं पहले उल्लेख कर चुका हूं। आप वास्तव में किस हद तक फर्मों का समर्थन कर सकते हैं, राजकोषीय प्रणाली के माध्यम से व्यक्तियों का समर्थन कर सकते हैं ताकि आप वास्तव में संकट से निपट सकें, स्वास्थ्य घटकों को नियंत्रित कर सकें, और उन्हें फिर से खोल सकें। लेकिन दूसरी क्षमता है, जैसा कि आपने कहा, इसे रणनीतिक रूप से फिर से खोलना और सुरक्षा के मानकों को निर्धारित और लागू करना है।

तो ये कौन से क्षेत्र हैं? मैं आपको बता सकता हूं, उदाहरण के लिए, हाल ही में एक सरकार के बारे में लैटिन अमेरिका में मेरे साथ चर्चा हुई थी, और राष्ट्रपति के कार्यालय में, राष्ट्रपति के रणनीतिक मामलों के कार्यालय में, उनके पास एक बहुत ही आधुनिक डैशबोर्ड है जिस पर यह जानकारी दी गई थी कि ऐसे कौन से क्षेत्र हैं जो अधिक रोजगार देते हैं और अर्थव्यवस्था को अधिक सशक्त करते हैं। और दूसरे में भी, उन्हें वास्तव में संक्रमण का जोखिम है, और वे बहुत सावधानी से अर्थव्यवस्था को फिर से खोलना शुरू कर रहे हैं, उन क्षेत्रों को देख रहे हैं जो आर्थिक सुधार के मामले में उच्च प्रभाव डालते हैं, लेकिन उन क्षेत्रों को भी जो अपेक्षाकृत कम जोखिम वाले हैं। और वे अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने के लिए किस तरह के मानकों को स्थापित करने की कोशिश करते हैं।

उदाहरण के लिए, यदि आप निर्माण करते हैं तो यह खुले स्थान वाला एक बुनियादी ढांचा है। यह एक खुली जगह में है जो मानकों को स्थापित करने और निर्माण स्थल से अंदर और बाहर जाने वाले लोगों को नियंत्रित करने के लिए कहीं अधिक आसान है। हो सकता है कि आप उन सभी नियंत्राणों के साथ उस तरह के क्षेत्र को खोल सकें। लेकिन शायद मनोरंजन क्षेत्र या फिल्म थिएटर, मॉल को खोलना अधिक जटिल हैं क्योंकि ये संक्रमण के क्षेत्र या संक्रामक के स्रोत हैं, संभवतः वे वास्तव में संक्रमण की एक नई लहर पैदा कर सकते हैं। इसलिए आपको अधिक सावधान रहना होगा।

इसलिए सावधानीपूर्वक यह सोचना कि आप किन मानकों के तहत कौन से क्षेत्रों को फिर से खोल सकते हैं, यह इस विचार को संतुलित करने की कोशिश करने के लिए बेहद जरूरी है, ताकि संक्रमण की नई लहर के खतरे के बिना आर्थिक गतिविधियों को बहाल करने की कोशिश की जा सके। सरकारों के लिए यह क्षमता हासिल करना अनिवार्य है। और यह वह पहलू है, जिसमें हमने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

के रूप में विशेषज्ञता लाने वाले अन्य बहुपक्षीय संगठनों और सहयोगियों के साथ सरकारों की सहायता करने की कोशिश की है।

हमने हाल ही में, उदाहरण के लिए, ...ग्रानडाटा के साथ एक बहुत अच्छा समझौता किया है जिसमें सभी मोबाइल उपकरणों का उपयोग किया जाता है, और कभी-कभी वे गुमनाम तरीके से, लोगों के समूहों की पहचान करने और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन का स्तर जानने के लिए सेल फोन और अन्य प्रकार के उपकरणों का उपयोग करते हैं। इसलिए हम इस प्रकार के डेटा का उपयोग सरकारों को यह सलाह देने के लिए कर रहे हैं कि लॉकडाउन कहां अधिक प्रभावी होने जा रहा है, और कहां आने-जाने में ढील दी जा सकती है। यह एक पहलू है जिस पर हम काम कर रहे हैं। इसलिए प्रौद्योगिकी का उपयोग आने-जाने पर प्रतिबंध के बारे में जानकारी प्रदान करता है। तो जानकारी का अभाव है, इसलिए हमारे पास हमारे नीतिगत दस्तावेज हैं जिन्हें बड़ी तेजी से तैयार किया जा रहा है, ताकि सरकारों को इस संकट का विश्लेषण करने और इस पर कार्रवाई करने के लिए सलाह और जानकारी प्रदान की जा सके।

इसलिए, जानकारी की दृष्टि से, वित्त के संदर्भ में, सरकार की कार्यान्वयन क्षमता के संदर्भ में यह बेहद जरूरी है कि आप इन कमियों को दूर करें, तभी आप न्यूनतम जोखिम के साथ अर्थव्यवस्था को फिर से खोल सकते हैं।

इसलिए हम बात कर रहे हैं कि कैसे कम और मध्यम आय वाले देशों को अपने आय क्षेत्रों की संरचना की वजह से नुकसान होता है, क्योंकि उनके पास अपेक्षाकृत कम पूंजी होती है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस बारे में आपके पास कोई विचार है कि ऐसे कौन से तरीके हैं जिनसे निम्न और मध्यम आय वाले देशों को इस संकट में कम नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिए, हम बात करें कि जिन क्षेत्रों में अभी भी तपेदिक मौजूद है, वहां हर कोई जानता है कि संपर्क ट्रेसिंग कैसे करें। उदाहरण के लिए यह ऐसा कौशल नहीं है जो हमारी संस्कृति से लुप्त हो गया है जिस तरह से अमेरिका में हुआ है। और ऐसे देश हैं जिनका आर्थिक फायदा हो सकता है क्योंकि वे दवा निर्माण या परीक्षण स्थलों की जगह हैं, भले ही उन जगहों का स्वामित्व पहली दुनिया के देशों के पास हो। इस संदर्भ में अन्य कोई विचार?

लेकिन पहले मामले में ... सामान्य तौर पर, मैं कहूंगा कि कुछ फायदे हो सकते हैं, उदाहरण के लिए। किसी देश के भीतर, आप सोच सकते हैं, और यह वास्तव में कई संदर्भों में सही साबित हुई है, कि

ग्रामीण क्षेत्र कम प्रभावित हुआ है और संभवतः ग्रामीण अर्थव्यवस्था बिना किसी प्रभाव के जारी रह सकती है क्योंकि यह कृषि और उसके उच्च स्तर के समूह पर निर्भर नहीं है। इसलिए, ग्रामीण क्षेत्र, उदाहरण के लिए, अधिक संरक्षित हो सकता है, और हो सकता है कि आप ग्रामीण क्षेत्र को फिर से खोल सकें। और ये पर्याप्त रूप से ग्रामीण-आधरित अर्थव्यवस्थाएं हो सकती हैं, जो अपेक्षाकृत कम आय वाले देशों से जुड़ी हैं, जिन्हें कम प्रभावित देखा जा सकता है, और यह वास्तव में एक वस्तुपरक मानदंड है।

लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर, इस संकट के बढ़ने का मूल कारण इसे सकारात्मक रूप में नहीं लेना रहा है, खासकर क्योंकि यह उन अन्य बाधओं के साथ मिलकर संकट को और गहरा करता है जिनका मैंने पहले उल्लेख किया था। यानी सरकारों की क्षमता कम होना। वित्त की कमी। तो निष्कर्ष यह है कि, इस संकट में कम आय होना समस्या है, भले ही इसके कुछ फायदे हैं जैसे कि आपने उल्लेख किया है, लेकिन कुल मिलाकर फायदा नहीं है। और इसके लिए उन्हें काफी अधिक सहायता की आवश्यकता होगी।

और देश के भीतर भी, कम आय वाले, अधिक कमजोर समूहों को सरकारों से वास्तव में बहुत सक्रिय प्रतिक्रिया की आवश्यकता होगी। अन्यथा, यह संकट पहले से मौजूद असमानताओं को और गहरा कर देगा। आपने उन सभी बातों का उल्लेख किया है जो आबादी के विभिन्न समूहों को प्रभावित कर रही हैं। लेकिन आपको स्वीकार करना होगा कि इस संकट से पहले भी ढांचागत संबंधी कई समस्याएं मौजूद थीं, इसलिए यह संकट इस ढांचागत समस्या को और बढ़ा रहा है। यह इन समस्याओं में से कई का मुख्य कारण नहीं है, लेकिन यह वास्तव में पहले से मौजूद ढांचागत असमानताओं, उत्पादकता के निम्न स्तर और सरकारों की कमजोर वित्तीय स्थितियों के साथ इस संकट का परिणाम है। तो यह सब कुछ बहुत ही जटिल है, और उदाहरण के लिए, जब हम शिक्षा के बारे में बात करते हैं, तो असमानता बहुत स्पष्ट हैः जो गरीब हैं, उन सभी के पास इस प्रकार की तकनीक उपलब्ध नहीं है, इसलिए उनके पास शिक्षा की उपलब्धता भी कम है। इसलिए कुछ मामलों में, हम सभी तकनीकों पर विचार कर रहे हैं - एक तरह से, यदि हम इसे कुछ इस तरह से कहें - जैसे कि टेलीविजन या यहां तक कि रेडियो भी कुछ ऐसे समूहों के लिए शिक्षा जारी रखने का प्रयास करते हैं जिनके पास इस प्रकार की कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं हो सकती है। तो इस प्रकार के समाधानों की आवश्यकता होती है, भले ही वे पूरी तरह से गुज़रे जमाने के उपकरण दिखते हों। अब यह इन असमानताओं को दूर करने और संकट के प्रभाव को कम करने का प्रयास करने का एक तरीका बनता जा रहा है। लेकिन निश्चित रूप से, हम इन असमानताओं को और

गहरा होते हुए देखने जा रहे हैं, और मुझे लगता है कि इस नीतिगत प्रतिक्रिया के एक हिस्से में असमानता को बढ़ाने की बजाय स्थिति को बहाल करने का प्रयास होना चाहिए, हम एक नई सामान्य स्थिति बनाने की कोशिश करें जो हर लिहाज से सभी के लिए हो। मेरा कहना है कि इसका कोई आसान उपाय नहीं हैं।

तो अब मैं आपसे आखिरी सवाल पूछ रही हूं, क्योंकि समाज को निश्चित रूप से फिर से खोलना ही पड़ेगा क्योंकि अर्थव्यवस्थाओं को इतने लंबे समय तक निष्क्रिय नहीं रखा जा सकता है, तो वे संकेतक क्या होंगे जिन्हें देखकर आप यह बता सकेंगे कि सामाजिक और आर्थिक समस्याएं पर्याप्त रूप से स्थिर हो रही हैं?

सबसे पहले, जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, यह देखने की आवश्यकता है कि किन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां अधिक हो सकती हैं। जिससे स्थिति तेजी से बहाल हो सके। और इसे जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए संतुलित बनाया जा सके या नियंत्रण में रखा जा सके। तो यह एक बहुत महत्वपूर्ण घटक है। हमें सावधनीपूर्वक उन क्षेत्रों के वस्तुपरक संकेतकों का पता लगाना होगा जो जोखिम के अपेक्षाकृत कम स्तर पर स्थिति को बहाल करने में कारगर भूमिका निभा सकें..... उदाहरण के लिए, जैसा कि मैंने कहा बुनियादी ढांचे, निर्माण। या किसी विशिष्ट प्रकार की गतिविधियों में संभवतः ग्रामीण क्षेत्र। इसलिए हम उन क्षेत्रों को फिर से खोलने की कोशिश कर सकते हैं जो बिना कोई जोखिम बढ़ाए स्थिति को बहाल करने पर प्रभाव डाल सकते हैं, और फिर सावधानीपूर्वक स्थिति की निगरानी करने का प्रयास करें।

बेशक, हम एक ही समय में, सुरक्षा के लिए एक तंत्रा बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे कि यदि मैं कहूं तो कोलंबिया में। यूएनडीपी ने लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले इन मॉस्क को बनाने की परियोजना का समर्थन किया जिससे वे विशिष्ट क्षेत्रों में संभावित संक्रमण के संपर्क में न आएं। और ये मॉस्क अब अधिक बड़े पैमाने पर बनाए जा रहे हैं, और यह कारगर हो सकता है। ऐसे अन्य घटक भी हैं जो काम पर फिर से लौटने को सुरक्षित बना सकते हैं जब तक कि इस समस्या के उपचार का कोई समाधन नहीं मिल जाता। और अंत में, हमें उम्मीद है कि इस स्वास्थ्य समस्या के उपचार का कोई समाधन निकलेगा, लेकिन तब तक, हमें निश्चित रूप से संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है, मेरे विचार से यही दो घटक हैं। ऐसे क्षेत्र जिनका आर्थिक प्रभाव काफी अधिक हो सकता है लेकिन वहां ऐसा जोखिम के स्तर को नियंत्रित करते हुए किया जाना चाहिए।

निश्चित रूप से हम जो नहीं भूल सकते हैं, और हमें जिसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए वह हर कमजोर समूह की रक्षा करना है। मैं आपको, अनौपचारिक क्षेत्र की महिलाओं के बारे में बता रहा था। कमजोर समूह जिनकी इस स्थिति में आय उत्पन्न करने की क्षमता कम है। जिन्हें बेरोजगारी बीमा या वेतन उपलब्ध नहीं है। इसलिए आपको उनकी क्षमता को बनाए रखना है, ताकि वे और अधिक गरीब न हो जाएं। इसलिए इस आबादी को सहायता देने के लिए बहुत अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कुछ मामलों में, जो लोग गरीब नहीं हैं, जो आम तौर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों में सहायता पाने के पात्रा नहीं होते, आपको यह ध्यान रखना होगा कि वे गरीब न हो जाएं। इसलिए आपको उन्हें सहायता देने की आवश्यकता है। और मैं जोर देकर कहूंगा कि कंपनियां व्यवसाय हैं, इसलिए वे दिवालिया नहीं होनी चाहिए और यदि ऐसा होता है तो बहाली का आर्थिक आधार नष्ट जो जाएगा। जितने अधिक काम-धंधे दिवालिया होंगे, उतना अधिक रोजगार नष्ट होगा, और उतना ही अधिक आर्थिक स्थिति को बहाल करना मुश्किल होगा। इसमें उतनी ही देर लगेगी। इसलिए आपको इस तरह के रोजगार को बचाए रखने की भी आवश्यकता है।

और इन सब के लिए फिर से धन की आवश्यकता है। और इसका अर्थ यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय विशेष रूप से गरीब देशों का समर्थन करने में बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, ताकि हमारे ऊपर अपेक्षाकृत कम हानिकारक प्रभाव पड़े। किसी भी मामले में, जो हम अब तक जानते हैं, इसे निश्चित रूप से किसी सदी के सबसे कठिन आर्थिक दौर के रूप में देखा जाएगा।

तो बहुत कुछ सोचा जाना है, और कई चीजों को एक साथ लाना है। निदेशक लोपेज-कालवा, इस पाठ्यक्रम में आने और हमारे साथ अपनी जानकारी साझा करने के लिए हम आपके बहुत आभारी हैं। दुनिया भर के हमारे सभी छात्रों की ओर से, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

यह अवसर देने के लिए आपका शुक्रिया।